म एवं बाल विकास विभाग

# कार्यालय कलेक्टर, (महिला एवं बाल विकास विभाग)
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

phone no.07727-223566 E-Mail ID :-dpobalodabazar@gmail.com

क्र./163 /मबावि/मि.वा./2023–24 बलौदाबाजार दिनाँक 09/06/2023

## // विज्ञापन //

**"मिशन वात्सल्य" योजनांतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में विज्ञापन**

भारत शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत जिला बाल संरक्षण इकाई, मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार राज्य स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के क्रियान्यवन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाईयों में (डीसीपीयू) के विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से दिनाँक 12.06.2023 से 04.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित है। पदो एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. | पदनाम | पदसंख्या | संविदा वेतन | चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 01. | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 44023/– | संविदा |
| 02. | विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | 01 | 27804/– | संविदा |
| 03. | सहायक सहडाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 11,916/– | संविदा |
| 04. | आउटरिच वर्कर | 02 | 10,592/– | संविदा |

| क्र. | पदनाम | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अपिव. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 02. | विधिक सह. परिवीक्षा अधिकारी | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 03. | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 04. | आउटरिच वर्कर | 0 | 01 | 01 | 0 | 02 |

**उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगीः–**

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजकार्य/समाजशास्त्र/बाल विकास मानवाधिकार/लोक प्रशासन मनोविज्ञान मनोचिकित्सा/विधि/जनस्वास्थ्य सामुदायिक संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री | कम्प्यूटर पर एम.एस. ऑफिस/वेब आधारित अन्य सॉफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण/कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में सरकारी/गैर सरकारी संगठन के साथ काम करने का कम से कम 03 साल का अनुभव, अनिवार्य है। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने मे दक्ष हो। |
| 02. | विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलबी डिग्री | कम्प्यूटर पर एम.एस. ऑफिस/वेब आधारित अन्य सॉफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के क्षेत्र में सरकार/एनजीओ/विधिक मामलों के साथ काम करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव महिलाओं और बच्चों के अधिकारों और संरक्षण के मुददों की अच्छी समझ। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व कार्य करने मे दक्ष हो। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 03. | सहायक–सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर किशोर न्याय बोर्ड | कक्षा 12 वीं (10+2) बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा | हिन्दी में 8000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति। | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थान् में कार्यानुभव उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता |
| 04 | आउटरिच वर्कर | कक्षा 12 वीं (10+2)उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय / अर्द्धशासकीय / प्रतिष्ठित निजी संस्थान् में बाल देखरेख / संरक्षण / पुनर्वास / बाल कल्याण विषय पर कम से कम 01 वर्ष का कार्य अनुभव | अंग्रेजी, हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान। |

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –**

1. आवेदन पत्र जिला जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कलेक्ट्रेट कार्यालय (कक्ष कमांक 01 में) जिला–बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग) को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः–.....04.2.23.....सायं 5:00 बजे तक। समयावधि पश्चात् स्वीकार नही किया जायेगा।
3. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार के सूचना पटल में एवं जिले के वेबसाईड www.cg.nic.in/balodabazar पर देखा जा सकता हैं।

**प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।**

**उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तेः–**

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग / संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेंगा अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेय समाप्त मानी जावेंगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुक्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन / भत्ते की पात्रता नही होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नही होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बतायें भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. आवेदक की आयु दिनाँक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम् 35 वर्ष से अधिक न हो छ.ग शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र कमांक / एफ / 2015 / 1–3 / एफ नया रायपुर दिनांक 31.01.2019 अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2023 की समाप्ति तक के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 से अधिक नही होगी। आयु के समर्थन हेतु जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 5वीं 8 वीं एवं 10 वीं की अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। दस्तावेज सत्यापन के समय मूलप्रति एवं स्व प्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
5. पद कमांक 01 को छोड़कर शेष पदों पर अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
7. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेंगा।

8. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांक्षित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।

9. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र जारी हो जिसमें कार्यालय का नाम, पता, जावक क्रमांक दिनांक तथा अनुभव की अवधि, स्पष्ट उल्लेख हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा । उपरोक्तानुसार संलग्न नही करने पर अमान्य कर दिया जायेंगा।

10. संलग्न सभी दस्तावेज में आवेदक द्वारा स्वयं का सत्यापित प्रति होना आवश्यक है।

11. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत् कर्मचारियों को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य हैं।

12. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगीं एवं ऐसे आवेदन अमान्य कर दियें जायेंगे। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।

13. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा, हो और वर्ग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।

14. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का प्रमाण संलग्न करें।

15. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नही होगा।

16. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

17. **उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेंगी:–**

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| 1. जिला बाल संरक्षण अधिकारी<br><br>2.विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंको का weightage देते हुए अधिकतम 80 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिये जायेंगे। तथा<br>3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 10 अंक निर्धारित रहेंगे।<br>4.उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी। |
| 3. सहायक–सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर किशोर न्याय बोर्ड | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंको का weightage देते हुए अधिकतम 80 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिये जायेंगे। तथा<br>3. टायपिंग एवं कम्प्यूटर परीक्षा पर 10 अंक निर्धारित रहेंगे (टायपिंग परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ली जायेंगी) पात्र अभ्यर्थी स्कील टेस्ट में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करता है तो सहायक–सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर हेतु पात्रता की श्रेणी में नहीं रहेगा। |
| 4. आउटरीच वर्कर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंको का weightage देते हुए अधिकतम 90 अंक,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिये जायेंगे। |

**उपरोक्तानुसार पद कमांक 1 से 3 तक के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट क्रम में 01 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को प्राक्चयन परीक्षा/लिखित परीक्षा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।**

.pdf



18. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) का निर्णय अंतिम एवं सर्व मान्य होगा।
19. पात्र अथवा मेरिट अभ्यर्थी को सूचना दी जायेंगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।
20. अभ्यर्थियों का सामान अंक होने की स्थिति में जन्म तिथि के आधार पर वरिष्ठ को अवसर प्रदान की जायेगी।
21. चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड बलौदाबाजार से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर फिटनेस प्रमाण पत्र 01 माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य परीक्षण में शासकीय सेवा के लिए अयोग्य पाये जाने पर उनकी सेवायें समाप्त कर दी जावेगी।
22. चयनित अभ्यर्थी जारी आदेश से 30 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार में आवश्यक मूल दस्तावेज के साथ पदभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित तिथि तक पदभार ग्रहण न करने की स्थिति में नियुक्ति निरस्त माना जावेगा।
23. चयनित अभ्यर्थी द्वारा यदि पदभार ग्रहण नहीं किया जाता तो ऐसी स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अनुसार दूसरे अभ्यर्थी को आदेश जारी किया जावेगा। तथा सभी पदों के लिए 01 साल तक प्रतीक्षा सूची वैध रहेंगी।
24. चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व पुलिस द्वारा पृष्ठभूमि का सत्यापन कराना अनिवार्य है। पदभार ग्रहण के समय प्रमाण पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
25. कम्प्यूटर अर्हता हेतु निम्नांकित को ही सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–9–4/2015/1/3 दिनाँक 23.01.2015 के अनुसार मान्यता है।
    1. मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोगामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।
    2. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्टनोलॉजी एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईन्स/इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी/मार्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट का डिप्लोमा (2 वर्ष से अन्यून)।
    3. वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा/डीम्ड यूनिवर्सिटी/इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईन्स/इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी. जी. डिप्लोमा अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपधि।
    4. राज्य में मान्यता प्राप्त संस्थानों से एक वर्षीय पी.जी.डी.सी.ए.उत्तीर्ण।

टीपः– उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाएं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।

**(प्रारूप चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ छोकड़ा समाचार

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें एवं फोटो पर हस्ताक्षर किया जावे जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए।

प्रति

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

1. आवेदित पद का नाम एवं जिले का नाम :—.......................................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :—.......................................................................

(अंग्रेजी में) :—.......................................................................

3. पिता / पति का नाम :—.......................................................................

4. स्थायी पता :—.......................................................................

.......................................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :—.......................................................................

..............................दूरभाष / मोबाईल.............................

6. जन्मतिथि (अंको में) :—.......................................................................

(शब्दों में) :—.......................................................................

7. दिनांक 01.01.2023 को आयु :—.......................................................................

8. लिंग पुरूष / महिला :—.......................................................................

9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) जाति ..................................वर्ग...................

10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है ? :— ............................................

11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यत्ता :— .......................................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :— ..........................

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्र................................................दिनांक................................

13. शैक्षणिक योग्यता :—(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क. | उत्तीण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :–.....................................................................................

15. अनुभव(प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.....................................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोडने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूचीं –

1. जन्मतिथि हेतु 10वीं की अंकसूचीं/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूचीं
3. स्नातक की अंकसूचीं
4. स्नातकोत्तर की अंकसूचीं (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
6. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
7. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1. ..............................................................................................
2. ..............................................................................................
3. ..............................................................................................
4. ..............................................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

<u>घोषणा–पत्र</u>

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

**स्थान** :– ............................................................

**दिनांक** :– ............................................................